>

Title: Regarding setting up of Trauma Centre level-I at Lala Lajpat Rai Hospital attached with Kanpur Medical College, Uttar Pradesh.

श्री देवेन्द्र सिंह भोले (अकबरपुर): मैं सरकार का ध्यान मेरे संसदीय क्षेत्र अकबरपुर, उत्तर प्रदेश के अंतर्गत स्थापित जी0एस0वी0एम0 मेडकिल कॉलेज, कानपुर मंडल की ओर आकृष्ट करना चाहता हूं, जिसके अंतर्गत आठ जनपद (कानपुर नगर, कानपुर देहात, फरूर्खाबाद, कन्नौज, इटावा एवं औरैया) आते हैं । इन जनपदों के अतिरिक्त आसपास के अन्य जनपद (फतेहपुर, झाँसी, महोबा, उन्नाव, हरदोई, ललितपुर, जालौन, बांदा, हमीरपुर) आदि दूरस्थ जनपदों के मरीज भी उपचार हेतु यहां आते हैं ।

मेडिकल कॉलेज, कानपुर से सम्बद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय में दुर्घटनाओं में घायल रोगी अत्यधिक संख्या में आते हैं । कानपुर के आसपास के लगभग 15 से अधिक जनपदों में ट्रामा सेंटर न होने के कारण सभी रोगियों को जी0एस0वी0एम0 मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया जाता है । वर्तमान में मेडिकल कॉलेज में लेवल 2 स्तर का ट्रामा सेंटर इमरजेंसी विभाग के साथ चलाया जा रहा है, जो कि रोगियों की अधिकता के कारण अब काफी छोटा पड़ रहा है और वर्तमान में संचालित ट्रामा सेंटर के आसपास जमीन उपलब्ध न होने के कारण उसका विस्तार किया जाना संभव नहीं है ।

लेवलः1 ट्रामा सेंटर, कानपुर में उपलब्ध नहीं है और लखनऊ स्थित ट्रामा सेंटर की दूरी लगभग 100 कि0मी0 से अधिक है । मेडिकल कॉलेज, कानपुर में नये ट्रामा सेंटर हेतु चिन्हित भूमि जी0टी0 रोड़ पर स्थित है । कानपुर नगर से 06 हाइवे (जी0टी0 रोड़ एन0एच0 2) आगरा हाइवे, कालपी-झांसी कानपुर रोड़ से सम्बद्ध है । विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में घायल रोगी प्रतिदिन उपचार के लिए आते हैं । यहां पर न्यूरो सर्जरी विभाग एवं कार्डियोथोरेसिक विभाग, मेडिकल कॉलेज के अंतर्गत रथापित किये जा चुके हैं, जिसमें चिकित्सा शिक्षक भी तैनात है । उक्त सुपरस्पेशलिटी चिकित्सा शिक्षकों का उपयोग शैक्षणिक कार्यों के

साथ-साथ लेवल-1 ट्रामा सेंटर के संचालन में भी किया जा सकता है, जो अन्यत्र चिकित्सालयों में उपलब्ध हो पाना कठिन होगा।

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत स्थापित किये जाने वाले सुपर स्पेशलिटी सेंटर के बगल में जी0टी0 रोड़ पर उपलब्ध भूखंड में यदि लेवल-1 ट्रामा सेंटर की स्थापना हो जाती है। तो इस क्षेत्र की जनता हेतु एक वरदान सिद्ध होगा। साथ ही सुपर स्पेशलिटी सेंटर प्रारंभ होने के उपरांत रोगियों को समस्त चिकित्सा सुविधायें एक ही स्थान पर उपलब्ध हो जायेंगी।

अतः आपसे अनुरोध है कि उपर्युक्त बिन्दुओं को दृष्टिगत रखते हुए जनहित में मेडिकल कॉलेज कानपुर से सम्बद्ध लाला लाजपत राय चिकित्सालय परिसर में जी0टी0 रोड़ पर लेवल-1 ट्रामा सेंटर की स्थापना कराने की कृपा करें।